हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

11 प्रवीन कौशिक बने हरिणाणा फ्लोरबाल संघ के प्रधान




12 समाधान शिविर में प्राप्त हुई 117 शिकायतें



फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
@PPJEWELLERSROHTAK
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P.P. Jewellers
रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन
- नगर निगम की टीम प्रोप्टी सर्वे के लिए डोर टू डोर जाएगी
- नगर निगम की टीम द्वारा नालों की सफाई का कार्य करवाया जाएगा
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर

## खबर संक्षेप

### मदवि: कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित एमएससी ऑनर्स मैथ पंचवर्षीय समेकित पाठ्यक्रम के पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर तथा छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, बीए बीएड चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम के सातवें सेमेस्टर की री-अपीयर तथा आठवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, बीएससी बीएड के सातवें सेमेस्टर की री-अपीयर तथा आठवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### स्पेशल चांस के लिए 10 तक करें अप्लाई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2001 से रजिस्टर्ड यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को डिग्री पूरी करने तथा बीएड को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों में अपनी डिविजन में सुधार करने के लिए दिए गए स्पेशल चांस के तहत परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि एमडीयू के यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों में वर्ष 2001 से पंजीकृत उन विद्यार्थियों को स्पेशल चांस दिया गया है, जो किसी कारणवश परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाए, उनकी डिग्री पूरी नहीं हुई और अपनी डिग्री पूरी करने के सभी चांस ले चुके हैं। प्रो. तनेजा ने बताया कि बीएड को छोड़कर अन्य यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों में मार्क्स इंप्रूवमेंट के लिए भी स्पेशल चांस दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्पेशल चांस के तहत पात्र विद्यार्थी अपनी डिग्री पूरी करने या डिवीजन सुधार के लिए 10 जुलाई तक परीक्षा फार्म ऑनलाइन जमा करवा सकते हैं।

### घर से दो लाख रुपये की नकदी चोरी, केस

**रोहतक।** भरत कॉलोनी निवासी युवक के घर से दो लाख रुपये चोरी होना का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में अमित ने बताया कि वह आठ-नौ माह से किराए के मकान में रहता है। तीन जुलाई को कमरे में दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दो लाख रुपये साथी विनोद को संभालने के लिए दिए थे और अपने घर जरूरी काम से चला गया। जब दोपहर बाद शाम करीब पांच बजे वापस कमरे पर वापस आया तो दो लाख रुपये गायब मिले। इसके बाद साथी विनोद से पूछा कि पैसे कहा गए, तो उसने भी अनभिज्ञता जताई, इस दौरान अमन भी कमरे में आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वित्तमंत्री बोले, ओमेक्स सिटी नगर निगम को दें 6.40 करोड़, नहीं तो कार्रवाई तय

## परिवेदना की समिति की बैठक में 11 शिकायतें रखी गई, 10 का मौके पर समाधान

### नगर निगम ने ओमेक्स सिटी में जन सुविधाओं की कमी को लेकर तैयार की डीपीआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- ओमेक्स सिटी द्वारा मेंटेनेंस फीस भी नहीं ली जाएगी
- रेरा में शामिल करने की कार्रवाई के दिए निर्देश

वित्तमंत्री जेपी दलाल ने ओमेक्स सिटी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि अगर नगर निगम को ओमेक्स सिटी ने आधारभूत ढांचे के विकास के लिए लंबित लगभग 6 करोड़ 40 लाख रुपये की धनराशि का शीघ्र भुगतान नहीं किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वित्तमंत्री स्थानीय जिला विकास भवन स्थित सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 11 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे तत्परता व कुशलता के साथ कार्य करें। इससे पहले भी कई बैठकों में ओमेक्स का मामला छाया रह चुका है।

उन्होंने ओमेक्स सिटी के खिलाफ शिकायतकर्ता की सुनवाई करने के बाद निर्देश दिए कि ओमेक्स सिटी द्वारा मेंटेनेंस फीस भी नहीं ली जाएगी और ओमेक्स सिटी को रेरा में शामिल करने की कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। नगर निगम द्वारा ओमेक्स सिटी में जन सुविधाओं की कमी के संदर्भ में डीपीआर तैयार की गई थी, जिसके तहत ओमेक्स सिटी को 10.25 करोड़ रुपये की राशि नगर निगम को जमा करवानी थी। राशि का भुगतान होने पर नगर निगम द्वारा ओमेक्स सिटी को टेकओवर किया जाएगा तथा नागरिकों को सुविधाएं प्रदान की जाएगी।


रोहतक। परिवेदना समिति की बैठक में शिकायत सुनते वित्तमंत्री जेपी दलाल। (इनसेट में) समिति के सामने समस्या बताता शहरी।

### एक माह में करवाना होगा निर्माण

जेपी दलाल ने सेक्टर 37 निवासी राजकुमार यादव की शिकायत की सुनवाई करते हुए बिल्डर को निर्देश दिए कि वे अप्रूवड नक्शे के अनुसार एक माह में निर्माण कार्य में बदलाव करवाएं। उन्होंने खेड़ी साध निवासी विक्रम की शिकायत के संदर्भ में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के हवाले से कहा कि प्राधिकरण द्वारा लाभार्थियों को लाभ प्रदान करने के बारे में आगामी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मोखरा निवासी संजय की शमशान घाट से संबंधित शिकायत के संदर्भ में अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में उपमंडलाधीश तथा जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति के दो गैर सरकारी सदस्यों की समिति गठित करने के निर्देश दिए।

**नाले को पक्का करवाने के निर्देश :** उन्होंने कहा कि यह समिति इस समस्या का समाधान करवाएं। उन्होंने लाखनमाजरा निवासी ओम प्रकाश की नाले को पक्का करवाने से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि नाले को पक्का करवाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नाले की सफाई करवाने के निर्देश भी दिए।

### ये रहे मौजूद

उनके साथ डीसी अजय कुमार, एसपी हिमांशु गर्ग, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, भाजपा जिला प्रधान रणवीर ढाका, समिति के गैर सरकारी सदस्यों में रमेश भाटिया, सूरजमल किलोई, सुरेश किराड़, राजबीर आर्य, कुलविंद्र सिक्का उपमंडलाधीश आशीष कुमार, दलबीर फोगाट व सुभाष चंद्र जून, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक, नगराधीश अंकित कुमार, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता दिनेश राठी, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता सुखबीर सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता आरके शर्मा, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता जेएस नारा, जिला विकास एवं पंचातय अधिकारी राजपाल चहल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ

वित्तमंत्री जेपी दलाल ने जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक के बाद कहा कि सरकार का उद्देश्य हर नागरिक को घर बैठे योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान करना है। प्रदेश सरकार द्वारा विकसित देशों की तर्ज पर प्रदेश में आदर्श ऑनलाइन व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है ताकि नागरिकों को घर बैठे योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिले और उन्हें कार्यालयों में न जाना पड़े। उन्होंने ने कहा कि सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए गत दिनों अनेक छूट प्रदान की गई है तथा वार्षिक आय को दुरुस्त करने की प्रक्रिया को सरल किया गया है। इसके तहत पारिवारिक वार्षिक आय को कम करवाने के लिए प्रार्थी द्वारा केवल घोषणा पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा गांव व वार्ड स्तर पर विशेष शिविर भी आयोजित किए गए हैं। परिवार पहचान पत्र के आंकड़ों के आधार पर लाभ पात्रों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।वित्त मंत्री ने कहा कि समाधान शिविरों में आम जनता की शिकायतों का मौके पर निपटारा करने के निर्देश अधिकारियों को जारी किए गए हैं और मुख्यालय स्तर पर समाधान शिविरों की प्रगति की निगरानी की जा रही है।

# फरमाणा में युवक पर तलवार से हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

- आटा वापस मांगने पर झगड़ा, केस दर्ज

महम थाना क्षेत्र के गांव फरमाणा में एक युवक द्वारा आटा मांगने पर दूसरे युवक ने उसे तलवार मारकर लहुलुहान कर दिया। गंभीर अवस्था में युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में फरमाणा गांव निवासी जितेंद्र पुत्र सुमेर ने बताया कि वह छह बजे वह अपने मकान के आगे गली में खड़ा था। उसी समय यहां पर उनके ही गांव का टीनू पुत्र सतबीर आ गया। उसने उससे अपना आटा मांगा तो उसने उसके साथ झगड़ा कर दिया। टीनू ने उस के सिर पर तलवार से वार किए।

उसने जब शोर मचाया तो वह वहां से भाग गया। वारदात की सूचना पुलिस की डायल 112 नंबर सेवा पर दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसको महम के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया। मेडिकल रिपोर्ट में आई चोटों के आधार पर पुलिस ने आरोपित टीनू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच चल रही है।

# रोहतक 10, महम 4 और सांपला में हुई 1 एमएम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बृहस्पतिवार को जिले के कई इलाकों में बारिश हुई। जबकि कुछ एरिया सूखा भी रहा। राजस्व विभाग द्वारा जारी किए आंकड़ों के मुताबिक रोहतक खंड में 10, महम में 4 और सांपला में एक मिलीमीटर बरसात हुई। जबकि लाखनमाजरा और कलानौर सूखे रहे। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में धीरे-धीरे मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो रहा है। आने वाले दिनों में भारी बारिश होने की आशंका मौसम विभाग ने जताई है।

**धान की रोपाई में तेजी :** मौसम में बदलाव आने के बाद किसानों ने धान रोपाई के कार्य में तेजी ला दी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अगले पांच-सात दिन में धान की अगेती किस्मों की रोपाई का कार्य पूरा कर लिया जाना चाहिए। इसके बाद की रोपाई से फसल की पैदावार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। क्योंकि अगेती किस्म पकाई में ज्यादा समय लेती हैं। ध्यान रहे कि हरियाणा में मौसम विभाग ने 9 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने दो जिलों में भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट और 7 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान, जिन जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। उनमें पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, सोनीपत, पानीपत, और सिरसा शामिल हैं। बाकी 13 जिलों के लिए कोई अलर्ट नहीं है।


अब स्कूल तो ...

## बिजली के पोल से करंट लगने से नंदी की मौत



**रोहतक।** सुनारियां गांव में बिजली के पोल से एक नंदी को करंट लग गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब नंदी पोल के पास जमा बरसात के पानी में से होकर गुजर रहा था। पानी में करंट था, जिसकी चपेट में नंदी आ गया। जिसके बाद नंदी छटपटाकर जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। इस घटना से गांव में भय का माहौल है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गांव वालों ने घटना की सूचना बिजली विभाग को दी, जिसके बाद बिजली सप्लाई बंद की गई।

# प्रोपर्टी का डेटा अपडेट करने के लिए नगर निगम की टीमें जा रही डोर टू डोर

### अभी तक 22 प्रतिशत लोगों ने उठाया योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने के कार्य में तेजी
- निगम ने 400 से ज्यादा कर्मचारियों को फील्ड में उतारा

प्रोपर्टी की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने के लिए कर्मचारियों ने डोर टू डोर जाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। उन्हें इस कार्य के लिए प्रशिक्षण देकर भेजा गया है ताकि उन्हें किसी काम में दिक्कत न आएं। निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा ने भी टैक्स ब्रांच को कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।

संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा ने बताया कि ट्रैक्स ब्रांच के अधिकारी व कर्मचारी निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस कार्य में अभी और अधिक तेजी लाई जाएगी। इस कार्य के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

### इसलिए पड़ रही जरूरत

अब घर-घर जाकर आमजन की सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने का कार्य किया जा रहा है। इन कर्मचरियों को प्रशिक्षण के दौरान पोर्टल के बारे में पूर्ण जानकारी दी जा चुकी है। निजी कंपनी द्वारा प्रोप्टी का सर्वे करवाया गया था। जिसमें आधे से ज्यादा प्रोप्टी बिल का डाटा गलत कर दिया गया। इसकी वजह से लोग अभी तक निगम के चक्कर लगा रहे हैं।

अब निगम कई माह से प्रयास कर रहा है कि प्रोप्टी आईडी का सर्वे कर डाटा अपडेट करवा दिया जाए। लेकिन लोगों ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसकी वजह से केवल 22 प्रतिशत लोग ही प्रोप्टी का डाटा स्वयं प्रमाणित करवा पाएं हैं। इसलिए निगम को दोबारा चार सौ से ज्यादा कर्मचारियों को डोर टू डोर भेजना पड़ रहा है।

### ऐसे कर सकते हैं पोर्टल पर अप्लाई




सम्पत्तिकर का बकाया भुगतान एवं अदेय प्रमाणपत्र पोर्टल पर मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉगइन करे। लॉगइन के बाद आपको मोबाइल नम्बर जुड़ी हुई सम्पत्ति दिखाई देगी या पोर्टल पर सम्पत्ति आईडी के माध्यम से अपनी सम्पत्ति खोजे, जहां पर आपको व्यू डिटेल /सेल्फ क्लेरीफाई दिखाई देगा। इसको खोलने पर आपको सम्पत्ति का सम्पत्ति विवरण, मोबाइल नम्बर, मालिक का विवरण, सम्पत्तिपर बकाया राशि का विवरण जैसे कि सम्पत्तिकर, फायर टैक्स, विकास शुल्क के साथ सम्पत्ति अधिकृत क्षेत्र/अनाधिकृत क्षेत्र का विवरण दिखाई देगा। सभी विवरण पर आपको हां व नहीं का विकल्प दिखाई देगा यदि आपकी सम्पत्ति का ब्यौरा सही है तो हां निहित करने के पश्चात आपको परिवार पहचान पत्र का विकल्प दिखाई देगा यदि आपके पास परिवार पहचान पत्र की आईडी हो उसे भरे अन्यथा सम्पत्ति में रजिस्ट्रड मोबाइल नम्बर पर आपके पास ओटीपी प्राप्त होगा जिसे भरकर सूचना स्वतः प्रमाणित करें।

### मालिकाना हक को लेकर प्रमाणित करवाना जरूरी



सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करना बहुत जरूरी है क्योंकि ऐसा करने से कोई अन्य व्यक्ति आपकी प्रोप्टी आईडी पर अपना आवेदन नहीं कर सकता और न ही प्रोप्टी आईडी के सम्बंध में सूचना प्राप्त कर सकता है। अन्य कोई आपकी प्रोप्टी आईडी का एनडीसी नहीं निकाल सकता। भविष्य में सम्पत्ति के मालिकाना हक सम्बन्धित समस्याओं से बचने के लिए सम्पत्ति का स्वतः प्रमाणित करना बहुत जरूरी है।

-अंकिता वर्मा, संयुक्त आयुक्त

# सुनारियां चौक पर बैठे युवक पर सुए से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सुनारियां चौक के पास एक व्यक्ति पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। हमले में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आस-पास के लोगों की मदद से पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया। जहां पर घायल का उपचार चल रहा है। साथ ही इसकी सूचना शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बृहस्पतिवार की शाम को गांव सुनारियां खुर्द निवासी मनजीत चौक पर बैठा था। इसी दौरान वहां पर 3-4 युवक आए। युवकों ने अचानक मनजीत पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आस-पास के लोगों की मदद से पीजीआई में भर्ती करवाया गया। जहां घायल मनजीत का उपचार चल रहा है। वहीं, मनजीत की शिकायत के अधार पर युवकों के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।



## खबर संक्षेप

### रक्तदान से बड़ा दान कोई नहीं : शकुंतला खटक

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल नज़दीक आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 56 लोगों ने रक्तदान किया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि मुख्य अतिथि कलानौर की विधायिका शकुंतला खटक रही। शकुंतला खटक ने सभी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

### जिला बार एसोसिएशन में हुई बैठक

**रोहतक।** जिला बार एसोसिएशन रोहतक में आम सभा की बैठक हुई। जिसमें सभी की सहमति से नई दुकान और कैंटीन के ओपन टेंडर करवाने का फैसला लिया गया और कैशियर संदीप व क्लर्क सोमबीर को उनके रिकॉर्ड में भारी त्रुटियों के चलते बार कार्यलय से नौकरी से हटा दिया गया।

### वित्त मंत्री पहुंचे मनमोहन गोयल के यहां सांत्वना देने

**रोहतक।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहुंचे प्रदेश सरकार के हरियाणा के वित्त मंत्री जेपी दलाल सांत्वना देने के लिए पूर्व मेयर सेठ मनमोहन गोयल के यहां पहुंचे। जिला मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल भाली ने बताया कि उनके साथ पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, पूर्व कोषाध्यक्ष ईश्वर सिंगल, एडवोकेट वजीर खोखर साथ में रहे।

### सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचा रहे कलाकार

**रोहतक।** उपायुक्त ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

### सरपंचों की मांगें पूरी होने के बाद एकजुट होने लगे शहरी निकाय संस्थाओं के मुखिया

# अब नगर पालिका व नगर परिषदों के चेयरमैन सरकार के खिलाफ खोल सकते हैं मोर्चा

**चेयरमैन सरकार से हुए नाराज, सरपंचों की मांगें पूरी, वे पीछे क्यों? फिलहाल नगर पालिका चेयरमैन के पास बिना ई टेंडरिंग के मात्र 20 हजार रुपए खर्च करने की है पावर**

राज कुमार नरवाल ▶▶ महम

प्रदेश सरकार ने गांवों में सरपंचों के अधिकार और उनका रुतबा बढ़ा दिया है। प्रदेश के सरपंच ई टेंडरिंग का विरोध कर रहे थे। सरकार ने अब उनको बिना ई टेंडरिंग के 21 लाख रुपए तक के विकास कार्य करवाने की शक्तियां प्रदान की हैं।

#### ये हैं नगर पालिका व नगर परिषद चेयरमैनों की मांग

सरकार ने 11 जुलाई को नगर पालिका व नगर परिषद् चेयरमैन की डीडी पावर छीन ली थी। उनको डीडी पावर वापस दी जाए। यह पावर छीनने से चेयरमैनों के मान सम्मान को बहुत ठेस पहुंची है। डीडी पावर को तुरंत बहाल किया जाए। चेयरमैनों को अपने स्तर पर विभागीय कार्य करने के लिए 25 लाख रुपए प्रतिमाह की पावर दी जाए। नगर पालिका सीमा में आंगनवाड़ी, सरकारी स्कूल, धर्मशालाओं आदि में डायरेक्ट कार्य करने की पावर चेयरमैन को दी जाए। ई टेंडरिंग प्रथा समाप्त की जाए। चेयरमैनों को सुरक्षाकर्मी और पीए उपलब्ध करवाया जाए। परिवार पहचान पत्र का सरलीकरण किया जाए। ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों को सस्पेंड करने की पावर चेयरमैन को दी जाए। जो अधिकार सरपंचों को दिए गए हैं, वे सभी अधिकार शहरी प्रधानों को भी दिए जाएं। नगर पालिका सीमा के अंदर सीवर व पानी कार्य जनस्वास्थ्य विभाग से लेकर नगर पालिका को दिया जाए।

- नगर पालिकाओं व नगर परिषदों के चेयरमैनों का मानना है कि शहरों में भाजपा का वोट बैंक अधिक होने का खामियाजा भुगत रहे
- लोकसभा चुनाव में गांवों में भाजपा नेताओं का विरोध शुरू होने के बाद सरपंचों को मिला है लाभ

सरकार द्वारा सरपंचों की मांगें मान लेने के बाद अब नगर पालिकाओं और नगर परिषदों के चेयरमैनों में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ गई है। शहर की सरकार के सबसे ऊंचे ओधे पर बैठे इन जनप्रतिनिधियों का कहना है कि सरकार ने उनकी अनदेखी करके अच्छा नहीं किया है। वे भी लंबे समय से सरकार से अपनी मांगें मनवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है। एक जनप्रतिनिधि ने बताया कि सरपंचों को सरकार ने इसलिए लाभ दिया है, क्योंकि सरपंचों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं का विरोध किया। गांवों में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के हुए इस विरोध का नतीजा यह रहा कि सरकार ने उनकी मांगें तो मान ली। लेकिन शहर में गांवों की अपेक्षा भाजपा का वोट बैंक अधिक होने का खामियाजा नगर पालिकाओं व नगर परिषदों के चेयरमैन और वहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है। अब तक इन शहरी संस्थाओं में चेयरमैन के पास बिना ई टेंडरिंग के मात्र 20 हजार रुपए खर्च करने की पावर है।

- सरकार ने सरपंचों को बिना ई टेंडरिंग के 21 लाख रुपए तक खर्च करने का अधिकार दिया

नगर पालिकाओं और नगर परिषदों के चेयरमैन भी बिना ई टेंडरिंग के अधिक पैसा खर्च करने की पावर मांग रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब प्रदेशभर के नगर पालिका और नगर परिषद् चेयरमैन लामबंद होने लगे हैं। ऐसे में सरकार को शहरी निकाय की इन संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। जिस तरह से सभी चेयरमैन एक दूसरे से संपर्क साथ रहे हैं और उनके प्रदेश स्तरीय व्हाट्सएप ग्रुप पर चर्चाएं हो रही हैं। उससे लगता है कि जल्द ही प्रदेशभर के शहरी जनप्रतिनिधि कहीं न कहीं मीटिंग करेंगे और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल सकते हैं।

## जल जनित बीमारियों के प्रति जागरूक बनें लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार कि अध्यक्षता में जिला मलेरिया वर्किंग कमेटी की मीटिंग जिला विकास भवन मे की गई जिला मलेरिया वर्किंग कमेटी की मीटिंग जिला विकास भवन मे मीटिंग में पहुंचने पर जिला सिविल सर्जन डॉ अनिल बिरला ने महेश कुमार का स्वागत किया और सभी विभागों का वहा पहुचने पर आभार व्यक्त किया।

नोडल अधिकारी (वी बी डी ) डॉ कपिल गुप्ता ने विभागों को पीपीटी के माध्यम से बताया की उन्हें किस-किस विभाग से क्या-क्या कार्य पर मदद की आवश्यकता है क्योकि कि मच्छर प्रजनन का सीजन आरम्भ हो चुका है। आम जन को वेक्टर बोर्न डिजीज से बचाने के लिए हम सभी को कुछ अहम कदम उठाने होंगे। इस अवसर पर जिला उप सिविल सर्जन डॉ मंजू मेहरा , डॉ रेणु भामु, डॉ शिवानी मान, डॉ रणबीर , डॉ कपिल गुप्ता , आई एम ए प्रधान डॉ रविन्द्र चौधरी, डॉ रवींद्र हुड्डा, राजेश नरवाल, अनिल सांगवान, मुकेश नैनकवाल, सुमित, विनयपाल मलिक, प्रदीप ० अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### ये उठाने होंगे कदम

- ▶▶ पंचायत विभाग व पंचायतें गांव में अनावश्यक गड्ढों को भर दें। यदि भरना सम्भव ना हो तो पानी निकालने का प्रबंध करें।
- ▶▶ नालियों को हर सप्ताह साफ करवाएं।
- ▶▶ रुके हुए पानी में हर सप्ताह लार्वा नाशक दवा एवं मिट्टी का तेल, काला तेल डलवाए।
- ▶▶ ग्राम स्तरीय कमेटी में गांव को स्वछता के बारे में योजना बनाए।
- ▶▶ तालाबों में गम्बुजिया मछली डलवाए।
- ▶▶ नगर निगम शहर के गड्ढों को भरवाएं।
- ▶▶ यदि भरना सम्भव ना हो तो पानी निकालने का प्रबंध करवाना सुनिश्चित करें।
- ▶▶ नालियों को हर सप्ताह साफ करवाए।
- ▶▶ शहरों में फोगिंग का कार्य अर्बन लोकल बोडिज द्वारा तथा गांव में फोगिंग का कार्य जिला परिषद व पंचायतों द्वारा करवाया जाए।
- ▶▶ स्कूलों में फीवर ट्रीटमेंट डिपू खुलवाए ।
- ▶▶ बच्चों को अपने घरों के आस पास के घरों में सप्ताह में एक दिन रविवार ड्राइंग डे मनाने के लिए प्रेरित करें।
- ▶▶ सभी प्राइवेट अस्पताल व लैब अपनी क्लीनिक पर एन एस वन व मैक्क लाईजा डेंगू टेस्ट का 600 रुपये में टेस्ट करने का बोर्ड लगाएंगे।

## प्रवीन कौशिक बने हरिणाणा फ्लोरबाल संघ के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




हरियाणा फ्लोरबाल संघ की आम सभा की बैठक लिबर्टी माल में संघ के उप-प्रधान सुभाष रूहील की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संघ के आजीवन सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिला फ्लोरबाल सघं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में वर्ष 2023-24 के आय व्यय का विवरण संघ के कोषाध्यक्ष सुरजीत नैन द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। इसके बाद आगामी 3 वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस दौरान प्रवीन कौशिक को प्रधान नियुक्त किया गया। उपप्रधान सुभाष रूहील, विकास भनवाला, संदीप अहलावत फौजी तथा रविंद्र चौहान गुड़गांव, महासचिव डॉ. दीपेंद्र आर्य, कोषाध्यक्ष सुरजीत नैन, सह सचिव विजेश दादरी, सलामदीन करनाल तथा विक्रम आर्य सोनीपत, कार्यकारिणी सदस्य जसवंत, पुलकित वशिष्ठ तथा साहिल हुड्डा और खिलाड़ी प्रतिनिधि मनीषा व अजय नारा चुने गए। नव नियुक्त प्रधान प्रवीन कौशिक ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह निष्ठा से निभाएंगे। फ्लोरबाल खेल को नई उंचाईयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा व खिलाड़ियों को हर सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। कौशिक ने कहा कि नायब सिंह सैनी सरकार

प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सरकार के साथ मिलकर इस खेल को और आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। महासचिव डॉ. दीपेन्द्र आर्य ने बताया कि 20 से 22 जुलाई तक रोहतक में 18वीं सीनियर राष्ट्रीय फ्लोरबाल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी राज्यों के 700 खिलाड़ी, ऑफिशियल, कोच भाग लेंगे। इस अवसर पर मुकेश कुमार शास्त्री, सुरेंद्र, मोनू सैनी, सुनील, साहिल, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## एमडीयू कर्मचारियों की गेट मीटिंग में हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति एवं कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर आम सभा की मीटिंग प्रशासनिक भवन में हुई। इसमें मुख्य रूप से शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. विकास सिवाच, महासचिव अजमेर सिंह, कोषाध्यक्ष हरदीप हुडा, सह सचिव वरुण सैनी पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया, जय बाग मलिक, फूल कुमार बोहत, पूर्व सचिव सुरेश कौशिक, रविंद्र लोहिया विकास अहलावत सहित अन्य कई कर्मचारियों ने अपने विचार रखें। सबसे पहले विकास सिवाच ने कहा की सरकार ने विश्वविद्यालय में 100% ग्रांट देनी चाहिए। आज विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति बड़ी नाजुक है अब तक कर्मचारी को सैलरी नहीं मिली है।

#### पहली बार कोई भी प्रधान भागा

मुझे तो हैरानगी है कि पहली बार कोई प्रधान गेट मीटिंग छोड़कर भाग गया। प्रधान कर्मचारी हितों के लिए होते हैं ना कि अधिकारी हितों के लिए। यूनिवर्सिटी में पूर्ण रूप से कलम छोड़ हड़ताल रही। **-फूल कुमार, पूर्व प्रधान, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ, एमडीयू**

#### नीलाम नहीं होने देंगे

कर्मचारी अपने हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। सरकार यूनिवर्सिटी बजट कम करके विश्वविद्यालयों को पूंजीपतियों के हाथों नीलाम करने की तैयारी में है। कर्मचारी सरकार की ये मंशा कतई भी पूरी नहीं होने देंगे। **-जयबाग मलिक,पूर्व प्रधान, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ, एमडीयू**

#### अधिकारियों का सहयोग जरूरी

मैं गेट मीटिंग को छोड़कर नहीं भागा। यूनिवर्सिटी में हड़ताल नहीं रही। मैं हड़ताल के समर्थन बिल्कुल भी नहीं हूं। विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था का सहयोग करना प्रत्येक कर्मचारी की ड्यूटी है। **-राजकुमार शर्मा, प्रधान, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ, महर्षि दयानंद**

## पहले ईवीएम, अब आरक्षण का फैलाया झूठ : ग्रोवर

- ग्रोवर बोले, कांग्रेस ने चुनाव में जमकर झूठ बोला लेकिन कामयाब नहीं हुए
- सरपंचों ने प्रदेश सरकार द्वारा की गई घोषणाओं पर मुख्यमंत्री का जताया आभार
- पूर्व मंत्री बोले, गांवों के विकास में फंड की नहीं आने देंगे कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में सरपंचों के साथ पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, सतीश नांदल, पूर्व ओएसडी अमरजीत सिंह व कलानौर ब्लॉक समिति अध्यक्ष नीरज यादव।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस ने साल 2014 और 2019 के चुनाव हारने के बाद ईवीएम पर ठीकरा फोड़ा। इस बार 2024 में लोकसभा का चुनाव जीतने के लिए संविधान और आरक्षण पर जूठ बोलने का सहारा लिया, मगर सत्ता की दहलीज तक नहीं पहुंच पाई। देश के लोगों ने कांग्रेस को सिरे से नकार दिया। अब हरियाणा में भी लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। पूर्व मंत्री ग्रोवर बृहस्पतिवार को कन्हेली गांव के समीप स्थित बैंक्विट हॉल में जिले के सरपंचों की ओर से आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि आज देश और प्रदेश में भाजपा ने लोगों में भरोसा पैदा किया है। सिस्टम को सुधारने से लेकर बिना पर्ची, बिना खर्ची के नौकरी देने तक के बड़े फैसले धरातल पर लागू किए है।

#### फंड की कोई कमी नहीं

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने कहा कि सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है। सरपंच मिलकर गांव की बेहतरी के लिए काम करें। सरकार ने पूर्व में भी प्रत्येक गांव को अनेक ग्रांट देने का काम किया है।

#### सरपंच बोले, सरकार ने मौज कर दी

कार्यक्रम में पहुंचे सरपंचों ने कहा कि हरियाणा सरकार ने सरपंचों की लंबित मांगों को मानकर मौज कर दी है। अब गांव के विकास के रफ्तार पहले से ज्यादा तेज होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरपंचों को जो सौगात दी है, उसे पूरी ईमानदारी से धरातल पर अमलीजामा पहनाने का काम किया जाएगा।

### कैडेट्स को दिया शूटिंग प्रशिक्षण

रोहतक। 2 हरियाणा कन्या वाहिनी द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में फायरिंग प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शिविर में मौजूद कैडेट्स की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए फायरिंग का कुशल प्रशिक्षण सूबेदार शंकर, हवलदार जगदेव, नर्सिंग असिस्टेंट हवलदार सचिन पवार के द्वारा दिया गया। इसके साथ ही सामूहिक गायन प्रतियोगिता भी कैडेट की कला और गायन कौशल को निखारने के लिए लेफ्टिनेंट पूनम के नेतृत्व में आयोजित की गई।

**सूचना**

मैं, मुकेश कुमार पुत्र श्री मीर सिंह निवासी निगाना तहसील कलानौर जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री गीता रानी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कच्चे कर्मचारियों की नौकरी पक्की करवाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ लामबंद, आंदोलन शेड्यूल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन सर्व कर्मचारी संघ की जिला विस्तारित मीटिंग सिंचाई भवन स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान शिवकुमार ने की संचालन जिला सचिव मनजीत पांचाल ने किया। मीटिंग में राज्य कोषाध्यक्ष अजीत पांचाल, राज्य वरिष्ठ उप प्रधान राकेश लकड़ा, संगठन सचिव विक्रम साहू मौजूद रहे। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि मौजूदा भाजपा सरकार कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है।

#### ये है आंदोलन की रूपरेखा

राज्य सरकार की उदासीनता के खिलाफ सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के साथ मिलकर 26 जुलाई को प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा सरकार को दिया जाएगा। 10 जुलाई तक ब्रांचों की विस्तारित मीटिंग कर सभी कार्यकाल में जनसंपर्क अभियान चला कर सर्व कर्मचारी संघ साथ मिलकर पर्चे वितरण किए जाएंगे। इसी कड़ी में 18 अगस्त को सिंचाई विभाग मंत्री अभय यादव के निवास स्थान नांगल चौधरी में प्रदर्शन किया जाएगा और 25 अगस्त को डॉ.बनवारी लाल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व भवन एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री के निवास स्थान बावल में प्रदर्शन करेंगे।

**नहीं किया समाधानः** जिला प्रधान शिव कुमार ने बताया कच्चे कर्मचारियों को नीति बनाकर पक्का किया जाए, कैनाल गार्ड को तृतीय श्रेणी का दर्जा दिया जाए,कॉमन कैडर को रद्द करने, पुरानी पेंशन बहाल करने ,वेतन विसंगतियां, 18 महीने का बकाया एरियर जब तक नहीं दिया जाएगा, तब कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर सचिव मनजीत पांचाल ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता कर्मचारियों की बहुत सी लंबित पड़ी मांगों का समाधान अभी तक नहीं किया।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- BAMS 2
- RMO 2
- COMPUTER OPERATOR 2
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- PHARMACY BILLING STAFF 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## विधवा महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है ऋण


**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। सरकार द्वारा विधवा अनुदान योजना के तहत राज्य की विधवा, तलाक शुद्धा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से स्वरोजगार हेतु 3 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। अजय कुमार ने बताया कि इस योजना का लाभ 3 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाली महिलाओं को प्रदान किया जाता है।

#### योजना के तहत इन व्यवसायों के लिए मिल सकता है ऋण

अजय कुमार ने बताया कि योजना के तहत डेयरिंग, वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, मसाला यूनिट, डोना बनाना, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, पापड़ बनाना, आचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस, स्कूल यूनिफॉर्म सीलना इत्यादि शामिल है।

ॐ भूर्भुव स्व तत्सवितुवरिण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न प्रचोदयात् ॥

**रस्म पगड़ी/श्रद्धांजलि सभा**



**स्व. श्री अशोक कुमार भाम्बरी जी**

आप सभी को बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी श्री अशोक कुमार भाम्बरी जी अपनी संसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु के चरणों में विलीन हो गए हैं।

**उनकी आत्मिक शान्ति हेतु रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजली सभा**
**दिनांक : 06.07.2024 (शनिवार) को सम्पन्न होगी।**
**समय........................... दोपहर 02:00 बजे से 03:30 बजे तक**
**स्थान ...... शहीद मदनलाल धींगड़ा कम्युनिटी सेंटर, पुरानी ITI, रोहतक**

**शोकाकुल परिवार**

श्रीमती राज रानी भाम्बरी (धर्मपत्नी)
डॉ. अर्पण गौतम भाम्बरी (पुत्रवधु पुत्र)
तरुणा विशाल कालरा (बेटी दामाद)
नीरू सचिन साहनी (बेटी दामाद)
रितु गिरीश अनेजा (बेटी दामाद)
सभ्य, रमायणा (पोता-पोती)
सुवंदना, शौर्य, नेमिका, कायना, साधिका, रुद्र (दोता-दोती)

भाम्बरी परिवार, ढल परिवार, दीवान परिवार, सिक्का परिवार
कत्याल परिवार, बिंद्रा परिवार, होटल रिवोली

मो.: 9812088828

## खबर संक्षेप

### सुपरन्यूमरेरी सीटों के दाखिले के लिए शेड्यूल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि ने सत्र 2024-25 में चार वर्षीय यूजी पाठ्यक्रमों तथा पंच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में सुपरन्यूमरेरी सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसलिंग शेड्यूल जारी कर दिया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि चार वर्षीय यूजी पाठ्यक्रमों तथा पंच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में सुपरन्यूमरेरी सीटों पर एडमिशन के लिए पहली फिजिकल काउंसलिंग 10 जुलाई को आयोजित की जाएगी और एडमिशन होने की सूरत में फीस 11 तक जमा करवानी होगी।

### तबादले में हो रही देरी अध्यापकों में रोष

**रोहतक।** स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) के प्रदेश अध्यक्ष गुरदीप सिंह सैनी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा व भूपेंद्र मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा अध्यापकों के लिए ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू की गई थी, परंतु तबादले नहीं किए जाने से अध्यापकों में रोष।

# अधिकारी शीघ्र निपटाएं जन शिकायतें: उपायुक्त

## समाधान शिविर में 117 शिकायतें आईं, अधिकतर का किया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


रोहतक। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए उपायुक्त अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग।

उपायुक्त अजय कुमार ने समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। वीरवार को समाधान शिविर में 117 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें समाधान के लिए मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।

अजय कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा व नगराधीश अंकित कुमार के साथ समाधान शिविर में शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रति कार्य दिवस जिला व उपमंडल मुख्यालय पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करने के प्रयास किए जाते हैं ताकि लोगों को बार-बार चक्कर न लगाने पड़े तथा उन्हें जन कल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ मिल सके।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# गांव खिड़वाली के पास नहर में मिला व्यक्ति का शव


रोहतक। मौके पर जांच करते हुए एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया व पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ शुक्रवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा

गांव खिड़वाली के पास बृहस्पतिवार को ड्रेन नंबर 8 में एक व्यक्ति का शव मिला है। शव की हालत ज्यादा खराब होने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया व थाना सदर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई के शवगृह में रखवा दिया है।

शुक्रवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।बता दें कि गांव खिड़वाली के पास बृहस्पतिवार को एक राहगीर ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर नहर में शव तैरने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। शव को नहर से बाहर निकलवाया। आसपास के लोगों की सहायता से शव की पहचान के प्रयास किए लेकिन सफल नहीं हो पाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई के शवगृह में रखवा दिया। शव मिलने के सूचना अन्य जिलों की पुलिस को भी दी गई ताकि मृतक की पहचान हो सके।

# एसडीएम स्कूल के छात्र रविकांत ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



■ दादा पंडित जिया राम से मिली ईमानदारी की सीख

एसडीएम कॉन्वेंट स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र रविकांत ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। रविकांत ने किलोई निवासी जगदीप के खोए हुए 50 हजार लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। किलोई निवासी जगदीप ने बताया कि उसने स्टेट बैंक से एक लाख रुपये निकलवाए थे। वह पाचस-पचास हजार की दो गड्डियां अपनी जेब में रखकर अपने गांव के लिए चल दिया। रास्ते में उसकी जेब से पचास हजार की एक गड्डी कहीं गिर गई।

उधर एसडीएम कॉन्वेंट स्कूल का छात्र घर से बाइक में तेल डलवाने के लिए भालौठ की तरफ जा रहा था। उसने रास्ते में पैसे पड़े देख और उठा लिए। जब वह पेट्रोल पंप पर पहुंचा तो उसने बुजुर्ग जगदीप को भी वहां रोते हुए पाया। उसने बुजुर्ग से रोने का कारण पूछा तो बुजुर्ग ने बताया कि उसके पचास हजार रुपये गिर गए ।

तभी रविकांत ने अपनी जेब से पैसे निकालकर बुजुर्ग जगदीप को दे दिए। बुजुर्ग ने रविकांत की ईमानदारी की खूब प्रशंसा की और उसे 5100 रुपये ईनाम स्वरूप देकर सम्मानित किया। छात्र रविकांत ने बताया कि उसे ईमानदारी की सीख अपने दादा पंडित जिया राम से मिली है। उसके दादा उसे जीवन में कठोर परिश्रम करने और ईमानदारी से काम करने की सीख देते रहते हैं।



# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ विभिन्न केंद्रीय विद्यालय में 28 से 30 जून तक किया गया खेलककूद प्रतियोगिता का आयोजन

गुरुग्राम संभाग द्वारा आयोजित संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न केंद्रीय विद्यालय में 28 से 30 जून तक किया गया, जिसमें केंद्रीय विद्यालय रोहतक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। जूडो, टेनिस, कबड्डी, ताई कवांडो, बैडमिंटन, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, स्केटिंग, शूटिंग आदि खेलों में भाग लेने वाले 28 विद्यार्थियों ने स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया व राष्ट्रीय स्तर पर चुने जाने पर बधाई दी।

# दो नाबालिग व पांच आरोपी गिरफ्तार

## ऑटो में सवार परिवार पर फरसे व कुल्हाड़ी से हमला करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस ने झज्जर रोड पर आटो में सवार सुनारिया निवासी परिवार पर फरसे व कुल्हाड़ी से हुए जानलेवा हमले में दो नाबालिग व पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दो नाबालिग युवकों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर न्याय बोर्ड में पेश कर बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेजा गया। तीनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर आरोपितों को न्यायिक हिरासत भेजा गया है। डीएसपी विरेंद्र ने बताया कि एक जुलाई को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि राधिका गार्डन झज्जर रोड पर ऑटो में बैठी सवारियों पर फरसे, कुल्हाडियों व ईंटों से हमला किया गया है, जिन्हें उपचार के लिए पीजीआईएमएस के ट्रामा सेंटर लगाया। सुनारिया चौक निवासी रेनू की शिकायत के आधार पर थाना शिवाजी कॉलोनी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 29 जून को रेनू के लड़के शुभम के साथ झगड़ा हुआ था। आपसी भाईचारे में झगड़े का फैसला हो गया। फिर एक जुलाई को रेनू, स्नेहा पत्नी मोनू, पिंकी पत्नी बिल्लु, कार्तिक सभी डीघल निवासी राजकुमार की आटो में बैठकर अपने घर की तरफ जा रहे थे। जब आटो राधिका गार्डन झज्जर रोड रोहतक के पास पहुंचा तो अक्षित, सुनिल, ज्योती, पुनम, रविंद्र, अक्षित का जीजा, विवेक, सरूती व अक्षित के करीब पांच दोस्त फरसे, कुल्हाड़ी लेकर आए और सभी आटो में सवार लोगों पर हमला कर दिया।

### चोरी के तीन मामलों में चार आरोपी किए गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की अलग-अलग तीन वारदातों में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया। कलानौर थाना प्रभारी सुलेंद्र ने बताया कि 10 जून को गरानावठी निवासी बलराज की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बलराज ने अपने गेहूं अपने घर में रखे हुए थे। आठ मई को करीब तीन क्विंटल गेंहू बलराज के घर से चोरी हुए मिले। मामले की जांच सीनियर उप निरीक्षक संजय ने की। जांच के दौरान तीन जुलाई को आरोपित संदीप व अजय निवासी गरनावठी को गिरफ्तार किया गया। वहीं, शहर थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 23 मई को शिव कालोनी निवासी दीपक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच मुख्य सिपाही अश्वनी ने की और तीन जुलाई को आरोपित अविनाश निवासी मांडौठी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि तीन जुलाई को प्रेम नगर निवासी कवल की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कवल शिव मंदिर सेवा समिति चमनपुरा का प्रधान है। तीन जुलाई को कवल के भाई ने बताया कि मंदिर में दानपात्र उखड़े हुए है। कवल ने चैक किया तो तीन दानपात्रों से करीब एक हजार रुपये चोरी हुए मिले। मामले की जांच मुख्य सिपाही संदीप ने की। जांच के दौरान तीन जुलाई को आरोपित अमित निवासी आनंदपुरा को गिरफ्तार किया गया है।



### घरावठी में विश्व जूनोसिस दिवस मनाया

**रोहतक।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गांव घरावठी में विश्व जूनोसिस दिवस मनाने के अवसर पर सेंटिनल सर्विलांस साइट, पीजीआईएमएस (माइक्रोबायोलॉजी और सामुदायिक चिकित्सा विभाग) और पशु चिकित्सा अस्पताल, रोहतक द्वारा एक सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । सेंटिनल साइट, नोडल अधिकारी माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉ. मधु शर्मा और एसपीएम विभाग की डॉ. मीना राजपूत के निर्देशन में डॉ. संचित अग्रवाल, डॉ. नरेंद्र भुक्कल, डॉ. हिम्मत सिंह ने स्कूल के विद्यार्थियों को जानवरों से फैलने वाली बीमारियों की जानकारी दी। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के कई छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसके बाद छात्रों ने जागरूकता मार्च निकाला और पोस्टर बनाए प्रतियोगिता में भाग लिया। रेबीज, ब्रुसेलोसिस, स्क्रब टाइफस, लेप्टोस्पायरोसिस जैसी कई जूनोटिक बीमारियों पर चर्चा की गई और हमारे समाज पर उनके प्रभाव, रोकथाम और शीघ्र निदान पर चर्चा की गई।

### अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता मानसी लाठर को किया सम्मानित



**रोहतक।** जेपी इंटरनेशनल स्कूल की 12वीं कक्षा ( सत्र 2023-24) की छात्रा मानसी लाठर जिस ने जॉर्डन में हुई एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के अंडर 17 वर्ग की प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया। मानसी की इस उपलब्धि पर संस्थाध्यक्ष राजीव मलिक और प्राचार्य बाई नाथ नाइक ने विद्यालय की ओर से विजय स्मृति चिह्न और साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। मानसी के साथ उनकी माता कोच सीमा लाठर और साई कोच उनके पिता जयभगवान लाठर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राजेंद्र दलाल प्रेसिडेंट आरडब्ल्यूए सेक्टर 36 सनसिटी रहे। सुदीप श्योरान, प्रेसिडेंट आरडब्ल्यूए सेक्टर 35, सुखबीर माथुर प्रेसिडेंट आरडब्ल्यूए सेक्टर 4, एक्सईएन महेंद्र हुड्डा, बलजीत सिंह सेक्रेटरी आरडब्ल्यूए सेक्टर 36 ने मानसी लाठर को शुभकामनाएं दी। सुभाष सांगवान ने आर्य समाज की तरफ से ओम का स्मृति पत्र देकर मानसी का सम्मान बढ़ाया।



### पाठ्यपुस्तकों से परे की दुनिया को भी समझना आवश्यक : प्राचार्या

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में ग्रीष्मावकाश के बाद स्वागत सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में कक्षा छठी के बच्चों ने बताया कि छुट्टियो आनंददायक रही। प्राचार्या डॉक्टर ममता मलिक ने कहा कि सपने देखना भी जरूरी है और उन्हें हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्प और उत्साह की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि तेजी से विकसित हो रही दुनिया में सूचित रहना महत्वपूर्ण है। यह न केवल जिम्मेदार नागरिक होने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है बल्कि हमारे क्षितिज (दृष्टि सीमा) को भी व्यापक बनाता है। हमें पाठ्यपुस्तकों से परे की दुनिया को भी समझना आवश्यक है और जीवन को सरल बनाने के लिए पढ़ने के साथ-साथ काम करना सीखना भी जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सुरेंद्र मलिक, उप प्रधानाचार्या मशेंका, हर्ष, विन्नी, रितु खुराना, रेखा, रेशमा, सुमन, शोभा, राहुल, किरण चावला आदि मौजूद रहे।



### एमडीयू के यूनिवर्सिटी कैंपस शहीद ले. कुलदीप को पुण्यतिथि पर किया याद

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के एलुमनी शहीद ले. कुलदीप सिंह राठी की पुण्यतिथि पर वीरवार को मानसरोवर पार्क में स्मृति यज्ञ का आयोजन किया गया। एमडीयू के सहायक निदेशक छात्र कल्याण डा. प्रताप राठी के अनुज ले. कुलदीप सिंह राठी सन 2001 में जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। आज मानसरोवर पार्क में शहीद कुलदीप सिंह राठी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ स्मृति यज्ञ प्रारंभ हुआ। इस स्मृति यज्ञ में शहीद ले. कुलदीप सिंह राठी के भाई डॉ. प्रताप सिंह राठी ने यजमान का दायित्व निर्वहन किया। एमडीयू के पूर्व निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी ने कहा कि पूरे राष्ट्र, प्रदेश तथा एमडीयू परिवार को स्व. कुलदीप सिंह राठी की शहादत पर गर्व है। इस अवसर एमडीयू के सेवानिवृत सहायक निदेशक युवा कल्याण डॉ. आनंद शर्मा, पीआरओ पंकज नैन, डॉ. अशोक वर्मा, केएल भाटिया, ऋषभ, मंदीप हुड्डा, रमेश कुमार, सुभाष आर्य, पवन नरवाल, पवन मल्होत्रा, पं रामधारी, राजू कोच, डॉ. प्रताप राठी के परिजन, शहर के गणमान्यजन आदि उपस्थित रहे।

### प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की सरकार, भाजपा सत्ता से बाहर होगी : गुलशन ईशपुनियानी



**रोहतक।** शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान और कांग्रेस नेता गुलशन ईशपुनियानी ने शहर की बदतर हालत पर सरकार और प्रशासन को घेरा है। उन्होंने कहा कि रोहतक के हालात जिस तरह भाजपा ने बना दिए हैं, ऐसे कभी नहीं हुए। जो कांग्रेस के शासनकाल में चमकता था, अब उसकी हालत खराब हो गई है। शहर में जगह-जगह गड्ढे हैं और काम अधूरे हैं, बरसात का सीजन शुरू हो गया है, लेकिन प्रशासन तैयारी नहीं कर पाया। नालों की सफाई अभी तक पूरी नहीं की गई। इस कारण पहली ही बरसात में शहर एक बार फिर पानी-पानी हो गया था। ईशपुनियानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव आने वाले हैं और सरकार घोषणाओं पर घोषणाएं की जा रही हैं। पहले जो घोषणा हो चुकी हैं, वे पूरी नहीं हो पा रही। लोग समाधान शिविरों में लाइन में लगे हैं, लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं। जनता परेशान है और यह तय हो चुका है कि विधानसभ चुनाव में इस गूंगी बहरी सरकार को सत्ता से बाहर किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## दर्जनों शहरों के लिए यहां से होता है आवागमन

# दिल्ली बाईपास पर आफत का 'जाम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



दिल्ली बाईपास रोहतक का सबसे व्यस्त चौक है। दिल्ली ही नहीं हिसार-सिरसा, जींद, भिवानी, दादरी जैसे दर्जनों शहरों के लिए वाहनों का आवागमन यहीं से होता है। चौक पर न केवल ट्रैफिक पुलिस तैनात रहती है, बल्कि चंद कदम की दूरी पर आईजी ऑफिस भी है। बावजूद इसके यहां दिनभर लगे जाम में वाहन रेंगते नजर आते हैं और ट्रैफिक पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है। जाम का आलम यह है कि कभी कभी तो चौक पर चंद कदम की दूरी तय करने में ही कई मिनट लग जाते हैं, जबकि भौगोलिक दृष्टि से यहां स्थान की कोई समस्या नहीं है तो फिर सिस्टम अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकता और जाम की असली वजह सिस्टम की नाकामी ही मानी जा सकती है। पिछले करीब डेढ़ माह से हर रोज यहां से गुजरते हुए कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। जब आईजी आफिस से सटे ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में शहर के सबसे व्यस्त चौक की हालत यह है तो शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

*-जया रोहिल्ला, जीजेयू हिसार।*

# सांपला की सड़कें कब होंगी गड्ढा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

■ इस्माईला से दतोड़ गांव में जाने वाली सड़क लंबे समय से खस्ताहाल

सरकार चाहे कितना भी सड़कों के गड्ढा मुक्त होने का दावा करे, लेकिन इलाके की कई प्रमुख सड़कें ऐसी हैं जो बेहद खस्ताहाल हैं। ये सड़कें शासन के दावों की पोल खोल रही हैं। खास बात तो यह है कि गड्ढों में तब्दील हो चुकीं इन सड़कों के निर्माण के लिए प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जनप्रतिनिधि हो या अधिकारी, उनकी गाड़ियां भी इन्हीं सड़कों में बने गड्ढों से होकर निकलती हैं, जबकि सरकार ने जून तक सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का फरमान दिया था।

इस्माईला से दतोड़ गांव में जाने वाली सड़क लंबे समय से खस्ताहाल है। कई स्थानों पर तो गड्ढों में सड़क को तलाशना पड़ता है। अक्सर लोग गिरकर घायल भी हो जाते हैं। लोग अनेक बार इसको बनवाने की मांग कर चुके हैं पर उनकी मांग पर कभी गौर नहीं किया गया है। वही कस्बे से नया बास जाने वाली सड़क पर हर समय लोगों का आवागमन रहता है। इस सड़क पर कई बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जो हर किसी के लिए मुसीबत बने हुए हैं। इस सड़क से रोजाना अधिकारी-नेता भी गुजरते हैं, मगर किसी को सड़क ठीक कराने के लिए कोई सुध नहीं आती। ऐसे में लोग भी जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासन को कोसते थक नहीं रहे है। जिसमें बरसात में जलभराव हो जाता है।